# रायपुर विकास प्राधिकरण

भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर
न्यू राजेन्द्रनगर, रायपुर (छत्तीसगढ़)

## द्वितीय अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

( क्रमांक– 15 दिनांक 17.07.2026)

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा छ.ग. शासन के एकल प्रणाली पंजीयन के अंतर्गत ''द'' श्रेणी (एक करोड़ तक के निर्माण कार्यो के लिये) एवं उससे ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएँ प्राधिकरण की निर्धारित निविदा प्रपत्र ''बी'' आयटम दरों में दिनांक **31.07.2026** को अपरान्ह 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 4.15 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित निविदाकर्ताओ के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 1. | प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्र. 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के जल आपूर्ति कार्य हेतु 04 नग बोर खनन तथा सबर्सिबल पम्प एवं पेनल बोर्ड (केबल सहित) लगाये जाने का कार्य। | रू. 12,56,643/– (जी.एस.टी. सहित) | रू. 25,133/– | रू. 2,000/– | 15 दिवस |

निविदा प्रपत्र प्राधिकरण कार्यालय में सहायक अधीक्षक (तक.) से शासकीय कार्य दिवसों में दिनांक **30.07.2026** को (दोपहर 1.30 बजे तक) निर्धारित राशि नगद में राशि जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर राशि दिनांक **31.07.2026** को 1.30 बजे तक एफ.डी.आर के रूप में जो कि रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर के नाम पर देय हो, प्रस्तुत करना होगा। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए ठेकेदारों को निम्नानुसार जानकारी/अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है। (1) निर्धारित श्रेणी का वैध पंजीयन। (2) आयकर के पेनकार्ड की प्रति जमा करना होगा। (3) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा रू. 3.00 लाख का अधिप्रमाणित शोध क्षमता प्रमाण–पत्र (4) गुड्स एंड सर्विस टैक्स (GST) अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन (5) ई0 एस0 आई0 सी0 अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन अथवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर शपथ पत्र। (6) विगत 03 वर्षो में शासकीय एवं अर्धशासकीय विभागों में किये गये कार्यो का अनुभव प्रमाण–पत्र।

उपरोक्त क्रमांक 1 से **6** तक के लिए दस्तावेजों के फोटो कॉपी निविदा प्रपत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा तथा मूल प्रति भी दिखाना होगा। इन शर्तो के अतिरिक्त प्राधिकरण में कार्य कर चुके/कार्यरत ठेकेदारों द्वारा कार्य को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने में अनावश्यक विलंब के संबंध में विचारोंपरांत ही निविदा प्रपत्र प्रदान करने का निर्णय कार्यालय द्वारा लिया जाएगा।

17.07.26

**कार्यपालन अभियंता**
**रायपुर विकास प्राधिकरण,**
**रायपुर (छ0ग0)**

G:\Year 2012(Part- IV)\Deewan Sir-(5)\N.I.T. (ALL).docx